Roll No. ..........................

Total No. of Pages : 7+1 map

Total No. of Questions : 18

# पूर्वमध्यमा द्वितीयखण्ड (10वीं) वार्षिक परीक्षा 2025–26

## विषय कोड : 1006

## सामाजिक अध्ययन, भारतीय संस्कृति और खगोल विज्ञान

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 60**

---

**निर्देशः—** (*i*) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) प्रश्न-पत्र में दिए गए निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़कर उत्तर लिखना है।

(*iii*) प्रश्न क्र. 1 से 5 तक 25 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आवंटित है।

(*iv*) वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में सही विकल्प 5 अंक, रिक्त स्थान 5 अंक, सत्य/असत्य 5 अंक, सही जोड़ी 5 अंक तथा एक वाक्य में उत्तर 5 अंक के होंगे।

(*v*) प्रश्न क्रमांक 6 से 18 तक के प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(*vi*) प्रश्न क्रमांक 6 से 12 तक अतिलघूत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक आवंटित हैं, शब्द सीमा 30 शब्द है।

(*vii*) प्रश्न क्रमांक 13 से 15 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक आवंटित हैं। शब्द सीमा 75 शब्द है।

(*viii*) प्रश्न क्रमांक 16 से 17 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आवंटित हैं। शब्द सीमा 120 शब्द है।

(*ix*) प्रश्न क्रमांक 18 मानचित्र पर आधारित प्रश्न है। प्रश्न क्रमांक 18 में भारत के दिए गए मानचित्र में प्रश्न में दिए गए स्थानों/क्षेत्रों को दर्शाकर उत्तरपुस्तिका में संलग्न कीजिए।

1. सही विकल्प चुनकर लिखिए– 5×1=5

(*i*) निम्नलिखित में से किस राज्य में काली मृदा मुख्य रूप से पाई जाती है ?

(अ) जम्मू और कश्मीर (ब) राजस्थान

(स) महाराष्ट्र (द) झारखंड

(*ii*) फ्रेड्रक सॉरयू निम्नलिखित में से किस देश के कलाकार थे ?

(अ) संयुक्त राज्य अमेरिका (ब) फ्रांस

(स) स्विट्ज़रलैण्ड (द) आयरलैंड

(*iii*) सन् 1857 की क्रांति में मध्य प्रदेश का प्रमुख केन्द्र निम्नलिखित में से कौनसा था ?

(अ) गढ़ मंडला (ब) गढ़ बालाघाट

(स) श्योपुर (द) जबलपुर

(*iv*) सूची I और सूची II में मेल ढूँढ़िए और नीचे दिए गए कोड के आधार पर सही उत्तर चुनिए–

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (1) भारतीय संघ | (क) प्रधान मंत्री |
| (2) राज्य | (ख) सरपंच |
| (3) नगर निगम | (ग) राज्यपाल |
| (4) स्थानीय सरकार | (घ) मेयर |

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | घ | क | ख | ग |
| (ब) | ग | घ | क | ख |
| (स) | क | ग | घ | ख |
| (द) | क | ख | ग | घ |

(*v*) निम्नलिखित पड़ोसी देशों में से मानव विकास के लिहाज से किस देश की स्थिति भारत से अच्छी है ?

(अ) बांग्लादेश (ब) श्रीलंका

(स) नेपाल (द) पाकिस्तान

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए— 5×1=5

(*i*) भोपाल झील का निर्माण ..................... वीं शताब्दी में किया गया था।

(*ii*) लोहा इस्पात उद्योग को ..................... उद्योग की संज्ञा दी गई है।

(*iii*) 'गीत गोविन्द' की रचना ..................................... ने की थी।

(*iv*) सन् ..................................... में श्रीलंका स्वतंत्र राष्ट्र बना।

(*v*) भारत में सर्वाधिक साक्षरता वाला राज्य ......................... है।

3. सत्य/असत्य लिखिए– 5×1=5

(i) भारतीय रेल परिवहन को 17 रेल प्रखंडों में संकलित किया गया है।

(ii) खाज्या नायक के पिता सेंधवा घाट वार्डन थे।

(iii) भारत में संघीय व्यवस्था है।

(iv) मुद्रा के आधुनिक रूपों में करेंसी–कागज के नोट और सिक्के शामिल हैं।

(v) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम सन् 1980 में लागू किया गया।

4. सही जोड़ियाँ मिलाइए– 5×1=5

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (i) सरदार सरोवर बाँध | (अ) अफ्रीका |
| (ii) रिंडरपेस्ट बीमारी | (ब) अमेरिका |
| (iii) चेचक (छोटी चेचक) | (स) नर्मदा नदी |
| (iv) नारी शक्ति वंदन अधिनियम | (द) पिता का शासन |
| (v) पितृ प्रधान | (ई) 2023 |

5. एक वाक्य में उत्तर लिखिए– 5×1=5

(i) भारत की प्रमुख खाद्यान्न फसल कौनसी है ?

(ii) वायु परिवहन का राष्ट्रीयकरण कब किया गया था ?

(iii) 'आनन्दमठ' उपन्यास के लेखक का नाम लिखिए।

(iv) भारत में केन्द्रीय सरकार की तरफ से करेंसी नोट कौन जारी करता है ?

(v) हॉलमार्क के द्वारा किसकी गुणवत्ता को प्रमाणित किया जाता है ?

6. काली मृदा की कोई **दो** विशेषताएँ लिखिए। 2

**अथवा**

भूमि निम्नीकरण के कोई **दो** कारण लिखिए।

7. पारिस्थितिक तंत्र किसे कहते हैं ? 2

**अथवा**

आरक्षित वन किसे कहते हैं ?

8. प्रारंभिक जीवन निर्वाह कृषि की कोई **दो** विशेषताएँ लिखिए। 2

**अथवा**

किन्हीं **चार** मोटे अनाजों के नाम लिखिए।

9. वेलम क्या है ? 2

**अथवा**

निरंकुशवाद से क्या आशय है ?

10. संघीय शासन व्यवस्था के कोई **दो** उद्देश्य लिखिए। 2

**अथवा**

गठबन्धन सरकार किसे कहते हैं ?

11. लोकतंत्र की कोई **दो** विशेषताएँ लिखिए।

**अथवा**

लोकतंत्र के कोई **दो** सामाजिक परिणाम लिखिए।

12. वैश्वीकरण किसे कहते हैं ?

**अथवा**

उदारीकरण किसे कहते हैं ?

13. रेल परिवहन एवं सड़क परिवहन में कोई **तीन-तीन** अंतर लिखिए।

**अथवा**

जल परिवहन एवं वायु परिवहन में कोई **तीन-तीन** अंतर लिखिए।

14. उन्नीसवीं सदी के यूरोप में कुछ उद्योगपति मशीनों की बजाय हाथ से काम करने वाले श्रमिकों को प्राथमिकता क्यों देते थे ? 3

**अथवा**

प्रथम विश्वयुद्ध के समय भारत का औद्योगिक उत्पादन क्यों बढ़ा ?

15. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 के प्रावधान लिखिए। 3

**अथवा**

निजी क्षेत्र की कोई विशेषताएँ लिखिए।

16. सविनय अवज्ञा आंदोलन के प्रमुख कारण लिखिए। 4

**अथवा**

असहयोग आंदोलन के **चार** उद्देश्य लिखिए।

17. राजनीतिक दलों के **चार** प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए। 4

**अथवा**

लोकतंत्र में विपक्षी दल की भूमिका लिखिए। (कोई **चार**)

18. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित बिन्दुओं को दर्शाइए– 4×1=4

*(i)* अजमेर

*(ii)* रत्नागिरी

*(iii)* रानीगंज

*(iv)* रावतभाटा

**अथवा**

भारत के मानचित्र में निम्नलिखित बिन्दुओं को दर्शाइए–

*(i)* तारापुर

*(ii)* चन्द्रपुर

*(iii)* झरिया

*(iv)* बालाघाट।


300 km
200 mi
© d-maps.com